# ऊर्जा कर्मी ठप करेंगे बिजली उत्पादन

## हड़ताल को आठ संगठन एकजुट, 11-12 अगस्त से परियोजनाएं बंद करने का ऐलान

अमर उजाला ब्यूरो



केआर कश्यप

**देहरादून।** ऊर्जा क्षेत्र के तीनों निगमों के कर्मचारियों ने 11-12 अगस्त की मध्यरात्रि से प्रदेश की सभी जल विद्युत परियोजनाओं में उत्पादन ठप करने का ऐलान किया है। हड़ताल पर विद्युत अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा से जुड़े आठ संगठनों के पदाधिकारियों ने एकजुटता की बात दोहराई है। हालांकि, तीनों निगमों के निदेशकों (मानव संसाधन) ने सात अगस्त को मोर्चा को वार्ता के लिए बुलाया है।

रविवार को ईसी रोड स्थित ऊर्जा कामगार संगठन के प्रांतीय कार्यालय में मोर्चा पदाधिकारियों ने कहा कि प्रबंधन बिजली कर्मियों में फूट डालना चाहते हैं। आरोप लगाया कि एक एसोसिएशन प्रबंधन से मिलकर हड़ताल पर एकजुटता न होने का भ्रामक प्रचार कर रही है। सेवानिवृत्त कर्मियों के संगठन में शामिल होने के आरोपों को मोर्चा ने प्रबंधन की साजिश करार दिया। बताया कि ट्रेड यूनियन एक्ट में सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए यह व्यवस्था है।

पत्रकार वार्ता में ऊर्जा कामगार संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष एपी अमोली, मुख्यालय अध्यक्ष दीपक बेनीवाल, सुरेश वर्मा, उत्तरांचल बिजली कर्मचारी संघ के प्रमुख महामंत्री केआर कश्यप, केएस नेगी, उत्तराखंड पावर जूनियर इंजीनियर एसोसिएशन के जीएन कोठियाल, रवींद्र सैनी, हाइड्रो इलेक्ट्रिक यूनियन के केहर सिंह, आरक्षित ऊर्जा एसोसिएशन के बीआर रघु, अभय कुमार, पावर लेखा एसोसिएशन के डीसी ध्यानी, उत्तरांचल पावर इंजीनियर एसोसिएशन के वाईएस तोमर, प्राविधिक कर्मचारी संघ के भगवती प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### प्रमुख मांगें

- ऊर्जा निगम और पिटकुल के एमडी एसएस यादव द्वारा सीनियर लॉ आफिसरों की नियुक्ति में धांधली, टेंडरों में घोटाले और अन्य भ्रष्टाचार के आरोपों कीजांच कर कार्रवाई की जाए।
- एसीपी की व्यवस्था में नान फंक्शनल वेतनमान समाप्त किया जाए।
- 30 सितंबर 2005 से सेवा में आए कार्मिकों को जीपीएफ, पेंशन के दायरे में लाया जाए।
- तीनों निगमों को एक होल्डिंग कंपनी के अधीन किया जाए, ताकि अधिकारियों की फौज घटे, फील्ड में काम करने वाले कर्मियों की भर्ती हो सके।
- लिपिक संवर्ग का पदनाम व संवर्ग तीनों निगमों एक समान किया जाए।

ऊर्जा निगम के कर्मियों की मांगों को वार्ता के जरिए सुलझाने के लिए प्रबंधन को निर्देश दिया है। तीनों निगमों के प्रबंधन वार्ता कर रहे हैं। उम्मीद है कर्मचारियों की हड़ताल का निर्णय वापस ले लिया जाएगा।

*-डॉ. उमाकांत पंवार, प्रमुख सचिव ऊर्जा*

कुछ सेवानिवृत्त कर्मचारी, कर्मियों को भड़का रहे हैं। उन्हें निगम की हालत और कर्मियों की समस्या से सरोकार नहीं है। प्रबंधन वार्ता से समाधान चाहता है। बिजली व्यवस्था बाधित नहीं होने देंगे।

*-पीसी ध्यानी, केंद्रीय अध्यक्ष, ऊर्जा आफिसर्स सुपरवाइजर्स एंड स्टाफ एसोसिएशन*

## संविदा शिक्षकों ने नाटक से बताई अपनी पीड़ा

**देहरादून।** पॉलीटेक्निक संविदा शिक्षकों ने रविवार भाजपा महानगर कार्यालय के पास नुक्कड़ नाटक कर अपनी पीड़ा जाहिर की। इसमें दर्शाया कि किस तरह से संविदा शिक्षकों का उत्पीड़न किया जा रहा है। वही शिक्षकों का आमरण अनशन रविवार छठे दिन भी जारी रहा। संगठन के अध्यक्ष सर्वेश चौधरी ने कहा कि रविवार को दो अन्य शिक्षकों अरविंद रावत और ऋतुराज गडिया ने अनशन शुरू कर दिया। जबकि एक अनशनकारी जगदीश नेगी को पुलिस ने कोरोनेशन अस्पताल में भर्ती कराया। **ब्यूरो**

# नाराज चिकित्सकों ने भरी हुंकार

## आठ सितंबर से पूरे प्रदेश में चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान

अमर उजाला ब्यूरो

**देहरादून।** पारदर्शी तबादला नीति और केंद्र के समान डीएसीपी समेत विभिन्न मांगों समर्थन में सरकारी डाक्टरों ने आठ सितंबर से चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान कर दिया है। रविवार को प्रांतीय चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा संघ (पीएमएचएस) की चंदरनगर संभागीय प्रशिक्षण केंद्र में हुई बैठक में निर्णय लिया गया। अध्यक्ष डा. बीएस जंगपांगी और महासचिव डा. एसके गोस्वामी ने सरकार पर चिकित्सकों की उपेक्षा का आरोप लगाया। पदाधिकारी सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे। बैठक में प्रांतीय कोषाध्यक्ष डा. जेपी देवशाली, डा. मेघना असवाल, डा. आरके सिंह, डा. एनएस खत्री, डा. हरेंद्र मलिक, डा. आरएस असवाल, डा. आरपी भट्ट, डा. आरपी खंडूड़ी, डा. अर्चना मौजूद थे।

### ये रही मुख्य मांगें

- पारदर्शी तबादला नीति और दुर्गम व पर्वतीय क्षेत्रों के डाक्टरों को विशेष भत्ता, केंद्र के समान डीएसीपी।
- प्रदेश के सभी मेडिकल कालेजों में 50 प्रतिशत पीजी सीटें प्रांतीय चिकित्सा सेवा के चिकित्सकों के लिए आरक्षित हों।
- लोक सेवा आयोग द्वारा नए चिकित्सकों की भर्ती प्रत्येक दो साल में सुनिश्चित हो।
- संविदा पर चिकित्साधिकारियों की नियुक्ति केवल दुर्गम व पर्वतीय क्षेत्रों में होनी चाहिए।

### ऐसे होगा आंदोलन

>> आठ सितंबर को प्रदेश भर में ओपीडी सेवाओं का बहिष्कार।

नौ सितंबर काला फीता बांधकर विरोध जताएंगे चिकित्सक।

>> 22, 23, 24 सितंबर को होगा ओपीडी का बहिष्कार।

>> 29 सितंबर को पोस्टमार्टम ड्यूटी को छोड़कर ओपीडी, आपातकालीन, वीआईपी सेवाएं, राष्ट्रीय कार्यक्रम समेत सभी तरह की ड्यूटी का बहिष्कार।

>> 6 अक्तूबर को प्रदेश के सभी डाक्टर सामूहिक आकस्मिक अवकाश पर रहेंगे।

## बेरोजगार होम्योपैथी फार्मेसिस्ट भड़के



**देहरादून।** बेरोजगार होम्योपैथी डिप्लोमाधारी फार्मेसिस्टों ने नियुक्ति न मिलने पर आंदोलन के लिए संघ का गठन किया है। रविवार को अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित बैठक में प्रदेश भर से बेरोजगार होम्योपैथी फार्मेसिस्ट जुटे। वक्ताओं ने कहा कि मान्यता प्राप्त मेडिकल कालेजों से उत्तीर्ण सैकड़ों फार्मेसिस्ट डिप्लोमाधारी युवक बेरोजगार हैं। होम्योपैथी निदेशालय और अस्पतालों में रिक्त पदों को आउटसोर्स किया जा रहा है। जिन्हें नियुक्ति दी जा रही है, उनमें अधिकतर युवक ऐसे हैं जिन्होंने डाक्टरों से अनुभव का प्रमाण पत्र बनाया है। चुनाव में राजमोहन सिंह नेगी को प्रदेश अध्यक्ष, प्रवेश उनियाल को महासचिव, सचिव अरविंद कुमार, कोषाध्यक्ष श्रवण कुमार कोहली, प्रचार प्रसार मंत्री सचिन, मीडिया प्रभारी प्रीती को चुना गया। उमा रमोला, धीरज रमोला, प्रमोद कुमार, राहुल और बबीता पोखरियाल को प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल किया है। **ब्यूरो**

### ...इधर भी जारी रहा आंदोलन

## संग्रह अमीन बोले-जल्द जारी हो प्रमोशन कोटा का शासनादेश



**देहरादून।** नायब तहसीलदार के पद पर छह फीसदी प्रमोशन कोटे पर कैबिनेट के प्रस्ताव के बाद भी शासनादेश नहीं होने से राजस्व संग्रह अमीनों में गुस्सा है। आंदोलित संग्रह अमीनों का रविवार को तीसरे दिन भी परेड ग्राउंड में धरना जारी रहा। प्रांतीय उपाध्यक्ष गुरू प्रसाद बहुगुणा ने कहा कि सरकार और शासन उनकी मांगे मान चुका है तो फिर इसका शासनादेश जारी क्यों नहीं किया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब तक मांगों पर अमल नहीं होता आंदोलन जारी रहेगा। रविवार रुद्रप्रयाग और नैनीताल से संग्रह अमीन दून धरना स्थल पर पहुंचे। इस दौरान दून जिले के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद सेमवाल, गिरिजा शंकर चतुर्वेदी, हरीश वर्मा, केशव पांडे, नरेश डोरा, राजेंद्र नकोटी, सुंदर पंवार, संतोष त्रिपाठी, परमवीर पंवार, सचिदानंद डोभाल, संतोष सैनी आदि शामिल थे।

## ओएनजीसी अस्पताल से निकाले संविदा कर्मियों को समर्थन




**देहरादून।** ओएनजीसी अस्पताल से निकाले गए संविदा कर्मियों के समर्थन में रविवार को उत्तराखंड आंदोलनकारी संघर्ष समिति भी आ गई। वहीं निकाले गए संविदा कर्मियों ने आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया है। ओएनजीसी प्रबंधन ने अस्पताल के लगभग 41 तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिया है। यह कर्मचारी अब अस्पताल के गेट के बाहर धरने में बैठ गए हैं। रविवार को राज्य आंदोलनकारी संघर्ष समिति प्रदेश संगठन मंत्री मोहन सिंह रावत और अन्य पदाधिकारी आंदोलनकारी कर्मचारियों के पास पहुंचे। उक्रांद और ऊर्जा निगम संविदा कर्मचारी संघ ने भी कर्मचारियों को समर्थन दिया है। इस दौरान समिति के वरिष्ठ सलाहकार ओमी उनियाल, प्रदेश संगठन मंत्री मोहन सिंह रावत, प्रदेश महासचिव रामलाल खंडूरी, राकेश थपलियाल, प्रदीप कुकरेती, उक्रांद से शांति भट्ट, विनोद कवि आदि मौजूद रहे। **ब्यूरो**

### न्यूज डायरी

## महंगाई के विरोध में सीटू का धरना

**देहरादून।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) ने महंगाई और बीमा क्षेत्र में एफडीआई की नीति के विरोध में रविवार को पुराने बस अड्डे पर धरना दिया। इस दौरान सीटू से संबंधित कई यूनियन भी मौजूद रही। सीटू के प्रांतीय महामंत्री वीरेंद्र भंडारी ने कहा कि यूपीएस सरकार के समय भाजपा ने भी एफडीआई का विरोध किया था। लेकिन आज भाजपा ही विदेशी पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने में लगी है। जिला महामंत्री लेखराज ने कहा कि आज अच्छे दिन की बात कहकर जनता ने कांग्रेस की विफलताओं के खिलाफ मोदी को चुना, लेकिन सरकार बनने से लेकर आज तक एक भी कदम जनता की भलाई के लिए नहीं उठाया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा स्वास्थ्य वर्कर, भोजनमाता कामगार यूनियन, स्कूल कर्मचारी यूनियनों के प्रतिनिधि मंडल मौजूद रहे। जबकि सीटू के जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम पुरी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष महावीर शर्मा, जल निगम जल संस्थान यूनियन के प्रांतीय अध्यक्ष पीडी लोहनी आदि मौजूद रहे।

## रामबाबू बने अध्यक्ष

**देहरादून।** राजकीय प्रधानाचार्य परिषद की जिला कार्यकारिणी में रामबाबू विमल अध्यक्ष और लाखन सिंह यादव उपाध्यक्ष चुने गए। राजेश्वरी देवी महिला अध्यक्ष, जेपी मैठाणी मंत्री, महेंद्र सकलानी संयुक्त सचिव, समीरा देवली कोषाध्यक्ष चुने गए। कार्यकारिणी गठन के दौरान प्रांतीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह बिष्ट, संरक्षक दर्शन सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## सत्संग भवन का शिलान्यास किया

**देहरादून।** कैंट विधायक हरबंस कपूर ने केदारेश्वर महादेव मंदिर गांधी ग्राम के परिसर में विधायक निधि से बनने वाले सत्संग भवन का शिलान्यास किया। सतीश कंडवाल, अनिल डोबरियाल, भगवती पोखरियाल, किशन सिंह, जगदीश, जीतराम, गोविंद राम मौजूद थे।

## राशन वितरण में गड़गड़ी पर नोटिस

देहरादून। सरकारी राशन की दुकानों में अनियमितता पाए जाने पर रविवार को जिला पूर्ति अधिकारी ने चार दुकानों को नोटिस जारी किया है। वहीं शनिवार को नियत समय पर दुकान बंद पाए जाने के कारण माजरा स्थित एक राशन दुकान को सस्पेंड दिया। राशन वितरण में गड़बड़ी की शिकायतों के मद्देनजर रविवार को भी जिला पूर्ति विभाग की टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। विभाग की टीम ने कांवली रोड स्थित कुसुमलता और सतेंद्र के नाम पर आवंटित दुकानों की जांच की। जहां स्टॉक रजिस्टर में गड़बड़ मिली। इसके बाद ब्रह्मपुरी स्थित राकेश गुप्ता और बलबीर रोड में डीसीएफ सेकंड की दुकानों पर जांच की। यहां भी अधिकारियों को राशन वितरण में गड़बड़ियां मिलीं। जिला पूर्ति अधिकारी ने चारों दुकानों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

## मसूरी में महिला का पर्स चोरी



**मसूरी।** लाइब्रेरी बाजार में सब्जी खरीदने आई महिला का पर्स टप्पेबाजों ने पार कर दिया। पर्स में दस हजार रुपये नकद, दो मोबाइल और एक एटीएम कार्ड था। पुलिस टप्पेबाजों की तलाश में जुटी है। रविवार दोपहर होटल नाभा पैलेस के प्रबंधक एस चुग की पत्नी हरदीप कौर बाजार से सब्जी और अन्य सामान खरीदने आई हुई थीं। टप्पेबाजों ने गाड़ी में रखा पर्स चुरा लिया। महिला ने पुलिस में तहरीर दी है।

## डीएवी के चोर पुलिस गिरफ्त में



**देहरादून।** डीएवी पीजी कालेज की प्रयोगशालाओं में चोरी करने वाले चोरों को पुलिस ने दबोच लिया है। आरोपी कबाड़ बीनने का काम करते हैं। पुलिस ने इन युवकों से चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी को भी हिरासत में लिया है। अभी उससे पूछताछ की जा रही है। हालांकि, पुलिस अभी चोरी में शामिल अन्य युवकों की तलाश में लगी है। सूत्रों के मुताबिक कालेज की तीन लैबों से चुराया गया करीब 90 फीसदी सामान पुलिस ने बरामद कर लिया है। आरोपितों से पूछताछ में पता चला है कि कालेज की लैब की खिड़कियां पहले से टूटी हुई थीं।

रहें अपडेट क्लिक करें dehradun.amarujala.com

# आपदा प्रभावितों के लिए भेजी सामग्री

## योगदा सत्संग सोसाइटी ने भेजा ट्रक, स्वास्थ्य मंत्री ने किया रवाना

अमर उजाला ब्यूरो

**देहरादून।** योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया की ओर से रुद्रप्रयाग जिले के आपदा प्रभावितों की सहायता के लिए 21 लाख का सामान भेजा गया। मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने ट्रक को रवाना किया।

रविवार को योगदा सत्संग भवन में आयोजित सेवा समर्पण समारोह में मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सोसाइटी ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किए हैं। आपदा प्रभावितों की सहायता के लिए अन्य लोगों को भी आगे आना चाहिए। मंत्री ने कहा कि सभी को संकल्प लेना चाहिए कि वे बच्चों को संस्कारवान बनाएंगे और नशीले पदार्थ एवं गलत संगतियों से उन्हें दूर रखने के लिए काम करेंगे। सचिव सुनील दत्त ने कहा कि ट्रक की चाबी सीएमओ रुद्रप्रयाग को सौंपी गई है। कार्यक्रम में चेयरमैन डा. राजेश तिवारी, स्वामी हितैषानंद गिरी, उद्योगपति राकेश ओबराय, अभिमन्यु, अनुराग मित्तल, राजेश गुप्ता आदि मौजूद रहे। भेजे गए सामान में रेनकोट, स्लीपिंग बैग, वाटर फिल्टर, इमरजेंसी किट, पोर्टेबल ऑक्सीजन सिलेंडर आदि शामिल थे।



योगदा सत्संग भवन से आपदा पीड़ितो के लिए ट्रक रवाना करते स्वास्थ्य मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी।

# जीवंत हुई माधो सिंह की वीरगाथा

अमर उजाला ब्यूरो

**देहरादून।** संगम सांस्कृतिक कला मंच के कलाकारों ने मलेथा के माधो सिंह भंडारी की वीरगाथा को मंच पर जीवंत किया। दिखाया गया कि किस प्रकार से माधो सिंह ने 82 एकड़ भूमि को सिंचित करने के लिए अपने बेटे की बलि दे दी गई थी।

स्वराज केदार खंड एंड ऑडियो डिविजन विकास समिति की ओर से रविवार को नगर निगम के टाउन हाल में 'वीर भड़ माधो सिंह भंडारी' नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पेयजल मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी ने कराई। इस ढाई घंटे की गीत-नाटिका में दिखाया गया कि माधो सिंह भंडारी का जन्म वर्ष 1595 के लगभग टिहरी जिले के मलेथा गांव में हुआ था। इन्होंने अपनी वीरता का परिचय देते हुए चमोली में घुसपैठ कर रही तिब्बती सेना से युद्ध लड़ा। इसके साथ ही उत्तरी सीमा का विस्तार किया। माधो सिंह की भूमिका ज्योति नैथानी ने निभाई। इसके साथ ही मनु भट्ट, दिनेश थपलियाल, ललिता प्रसाद नैथानी आदि कलाकारों का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा। विक्रम, मंजू और संगीता ने पार्श्व गायन किया। नाटक का निर्देशन विशाल नैथानी ने किया। इस मौके पर मेयर विनोद चमोली, पूर्व विधायक ओम गोपाल रावत, चंदर एमएस कैंतुरा, जीएस थापा आदि उपस्थित थे।




टाउन हाल में नाटक का मंचन करते कलाकार।

# हिंदी साहित्य समिति की कार्यकारिणी भंग

▶ सदस्यों की जांच के लिए कमेटी का किया गया गठन

अमर उजाला ब्यूरो

**देहरादून।** हिंदी साहित्य समिति की आम सभा की बैठक में समिति की पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर शीघ्र ही नई कार्यकारिणी के गठन का निर्णय लिया गया। रविवार को हिंदी भवन में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि दो सप्ताह के भीतर समिति के वैध सदस्यों की जांच की जाएगी। वर्तमान समिति के महामंत्री डा. रामविनय सिंह ने कहा कि इसके लिए कमेटी बना ली है। कमेटी जांच के बाद चुनाव की तारीख तय करेगी। बैठक के बाद महाकवि तुलसीदास और प्रसिद्ध उपन्यासकार प्रेमचंद की जयंती पर काव्य गोष्ठी आयोजित कर उन्हें याद किया गया।

### जांच कमेटी में ये शामिल

मुकुंद नीलकंठ जोशी की अध्यक्षता में गठित की गई कमेटी में मुनीश सक्सेना, संगीता शाह, निशा रस्तोगी, एचएन कुकरेती, हरवीर कुशवाहा, नीलम प्रभा वर्मा, डा. एचएन त्रिपाठी और नदीम बर्नी को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। यह कमेटी समिति के सदस्यों की जांच करेगी।



### अध्यक्ष ने उठाया सवाल

समिति की रविवार को आयोजित बैठक पर वर्तमान अध्यक्ष विजय स्नेही ने सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि उप निबंधक ने बैठक स्थगित की थी। इसके बावजूद कुछ लोगों ने अपनी मर्जी से बैठक की है। कहा कि बैठक में सिर्फ 40 लोग आए थे। दावा किया कि इनमें भी समिति के वास्तविक सदस्यों की संख्या सिर्फ 12 थी। स्नेही का कहना है कि इस बैठक पर अब उप निबंधक ही निर्णय करेंगे।

# साहिया में अरबी की 35 फीसदी फसल हुई बर्बाद

अमर उजाला ब्यूरो

**साहिया।** सुंडी रोग की चपेट में आकर अरबी (गागली) की 35 प्रतिशत फसल बर्बाद हो गई है। एक माह से ग्रामीण उद्यान विभाग को फसल में रोग लगने की सूचना देते रहे, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। विभाग ने ग्रामीणों को जो दवा दी थी वह भी बेअसर हो गई है। फसल बर्बाद होने से काश्तकार चिंतित हैं।

जौनसार बावर के ग्रामीण अंचलों में पैदा होने वाली गागली की सहारनपुर, हिमाचल, मेरठ, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर आदि मंडियों में खासी डिमांड है। विभागीय उपेक्षा के कारण इस बार इस अरबी का आकार छोटो हो गया है। काश्तकार सुरेंद्र सिंह, दिनेश बिष्ट, चतर सिंह, दौलत सिंह, कृपाल सिंह आदि का कहना है कि रोग की चपेट में आकर पहले पत्ते सूख रहे हैं। धीरे धीरे तना सूख रहा है। इससे अरबी या तो बहुत छोटे आकार की हो रही है या पूरी सूख रही है।

## अध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशी

**देहरादून।** जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष के चुनाव के लिए दो दावेदार मैदान में हैं। चंदरनगर में रविवार को अध्यक्ष पद के लिए रवींद्र सिंह पुंडीर और अनंत कुमार सोलंकी ने नामांकन किया। मंत्री पद पर उमेश चौहान और रघुवीर सिंह पुंडीर ने पर्चा भरा। मीडिया प्रभारी सतीश घिल्डियाल ने कहा कि मतदान सोमवार को होगा।

## पौधरोपण किया

**देहरादून।** नियो विजन फाउंडेशन वेलफेयर ने सुभाष नगर में पौध रोपण किया। इस दौरान मेयर विनोद चमोली भी मौजूद रहे। फाउंडेशन के हरिकिशन ने बताया कि मेयर विनोद चमोली को क्षेत्र की समस्या से भी अवगत कराया गया। इस दौरान सुरेंद्र शर्मा, अशोक पठानिया, अनिल, आशीष बंसल, मनमोहन भट्ट आदि मौजूद रहे।

## अग्निवेश के बयान की निंदा

**देहरादून।** माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर टपकेश्वर के अधिष्ठाता आचार्य विपिन जोशी ने स्वामी अग्निवेश के बयान की निंदा की है। कहा कि अग्निवेश ने देवभूमि में आकर श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत किया है। उन्होंने इस बयान पर माफी मांगने की मांग की है। चेतावनी दी है कि ऐसा न करने पर आंदोलन किया जाएगा।

**कई वर्षवार मेरिट प्रक्रिया को लेकर संगठनों में मतभेद**

# शिक्षक भर्ती पर प्रशिक्षित आमने-सामने

अमर उजाला ब्यूरो

**देहरादून।** प्रदेश में शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया पर प्रशिक्षित बेरोजगार आमने-सामने हैं। कुछ प्रशिक्षित बेरोजगार पूर्व से चली आ रही व्यवस्था के तहत वर्षवार मेरिट के आधार पर चयन प्रक्रिया की मांग कर रहे हैं। तो वहीं कुछ ने इसका विरोध करते हुए मेरिट के आधार पर चयन की मांग की है। इन बेरोजगारों का कहना है कि वर्षवार मेरिट के आधार पर भर्ती हुई तो कई अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया में शामिल होने से छूट जाएंगे।

### 25 हजार अभ्यर्थी जाएंगे बाहर

**बीएड** टीईटी मेरिट संघ ने प्रदेश में मेरिट के आधार पर शिक्षकों की भर्ती की मांग की है। संघ ने कहा कि यदि वर्षवार चयन प्रक्रिया के आधार पर भर्ती हुई तो इससे 25 हजार अभ्यर्थी बगैर किसी चयन प्रक्रिया के अपने आप ही मेरिट से बाहर हो जाएंगे। संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापकों की भर्ती की जानी है। इसमें चयन प्रक्रिया वर्षवार रखी गई थी। इस प्रक्रिया से हुआ यह कि जिसने बीएड पहले किया उसे पहले अवसर दिया गया।

### हजारों 15 साल से कर रहे इंतजार

**प्रशिक्षित** बेरोजगार श्वेता राणा और काजल नेगी ने कहा कि भर्ती वर्षवार मेरिट के आधार पर की जानी चाहिए। शिक्षकों की भर्ती के लिए वर्षों से यही व्यवस्था चली आ रही है। प्रदेश में हजारों अभ्यर्थी पिछले 15 वर्षों से भर्ती के इंतजार में हैं। जो चयन प्रक्रिया की निर्धारित आयु सीमा की अंतिम कगार पर हैं। दूसरी और ऐसे अभ्यर्थी हैं जो मानकों को ताक पर रखकर चल रहे संस्थानों से अधिक अंक प्राप्त हुए हैं। वर्षवार चयन प्रक्रिया के आधार पर भर्ती न की गई तो वर्षों से इंतजार कर रहे बेरोजगारों के साथ धोखा होगा।

**UTTARAKHAND POWER CORPORATION LTD.**
Victoria Cross Vijeta Gabar Singh Bhawan, Kanwali Road, Dehradun
Tel. No. 0135- 2763672-75 Ext. 218, 131 Fax No. 0135-2761869

**Corrigendum-I to Notice inviting e-Tender**
**(RFP Identification No. 03/RAPDRP-A/2014-15/DDN/UPCL dated 19th July 2014)**

In reference to this office above mentioned RFP notice "Providing SMS Gateway (Push & Pull) Services in UPCL", amendment/clarification to the RFP are available on UPCL website www.upcl.org & www.uktenders.gov.in from 02nd August 2014.

No. : 637/UPCL/SE(R-APDRP)
Dated : 02-08-2014

**Superintending Engineer (R-APDRP Part-A)**
**UPCL, Dehradun**

"SAVE ELECTRICITY IN THE INTEREST OF THE NATION" (Toll Free No. 1800 419 0405)
For information on Electricity theft, informer may report to the Vigilance Officer via, E-mail: ppthakur@uttarakhandpower.org or by FAX on 0135-2760911 & send report by SMS on +91-8958811999

**जिला जल एवं स्वच्छता मिशन**
**जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई, स्वजल परियोजना जनपद रुद्रप्रयाग**
**फोन/फैक्स: 01364-2233492 ई मेल:- dpmu_rudra@rediffmail.com**

पेयजल गुणवत्ता अनुश्रवण एवं निगरानी कार्यक्रम (WQM&S)

**स्वच्छ पियें जल और परिवेश रखे साफ, स्वस्थ्य रहे परिवार एवं खुशहाल रहें आप।**
**सघन डायरिया नियन्त्रण पखवाडा एवं वर्षा ऋतु के मध्यनजर जनपदवासियों से विशेष अपील।**

जल जनित रोगों/संक्रमण तथा अतिसार, उल्टी दस्त (डायरिया) पीलिया, वायरल बुखार इत्यादि रोगों से बचाव हेतु अपनी ग्राम पंचायत के समस्त पेयजल स्रोतों के जल का परीक्षण, फील्ड टेस्ट किट (FTK) एवं $H_2S$ वायल्स से अवश्य करें, तथा पेयजल स्रोतों/टैंकों में ब्लीचिंग पाउडर/क्लोरीन का प्रयोग करें। घरेलू पानी पीने योग्य बनाने के लिए क्लोरीन की गोली का उपयोग करें तथा पानी को उबाल व छान कर पियें।

❖ **स्वच्छ जल का करें प्रयोग, मिटे बिमारी भागे रोग।**

| परियोजना प्रबन्धक | मुख्य विकास अधिकारी | जिलाधिकारी | जिला पंचायत अध्यक्ष |
|---|---|---|---|
| स्वजल, रुद्रप्रयाग | जनपद-रुद्रप्रयाग | जनपद-रुद्रप्रयाग | जनपद-रुद्रप्रयाग |

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता राष्ट्रीय मार्ग खण्ड, लो.नि.वि. बड़कोट (उत्तरकाशी)**
email:- eenhpwdbarkot@gmail.com दूरभाष/फैक्स नं. 01375-224428

पत्रांक 1246/10ए. दिनांक 01.08.2014

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, राष्ट्रीय मार्ग 123(507) किमी. 44 से 59 (यमुनापुल से भद्रीगाड़ नैनबाग), एवं किमी. 75 से 101 (डामटा थातरी खड्ड से सरुखेत तक), राष्ट्रीय मार्ग 94 (134) के किमी. 134 से 176 (पनोथ से छटांगा), एवं किमी. 186 से 211 (खरादी से हनुमानचट्टी) तथा राष्ट्रीय मार्ग 72 बी. (707) के किमी. 134 से 174 (फेडिज पुल अटाल से आराकोट, सनेलगाड) तक के नाप भूमि एवं भवनों का पुनरीक्षित आगणन तैयार किया गया है। उक्त आगणन के अन्तर्गत बनाये जा रहे प्रतिकर से सम्बन्धित यदि किसी भू-स्वामियों/भवन स्वामियों को आपत्ति है या जानकारी लेनी है तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आकर आपत्ति दर्ज करायें ताकि प्रतिकर के पुनरीक्षित आगणन में सुधार कर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

**अधिशासी अभियन्ता, राष्ट्रीय मार्ग खण्ड,**
**लो.नि.वि. बड़कोट (उत्तरकाशी)।**